E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संo संo : 03/भू0अ0नि0 (3) संविदा SSASO (फर्जी)– 05/2026 1230 पटना, दिनांक 16/04/2026

आदेश

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय का पत्रांक– 2252 दिनांक 26.05.2025 एवं पत्रांक– 3420 दिनांक 29.05.2025 के आलोक में श्री अविनाश कुमार, (Emp. ID- ASO 13989) का नियोजन संविदा आधारित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के पद पर करते हुए बन्दोबस्त कार्यालय, कैमूर में पदस्थापित किया गया। इनके द्वारा नियोजन के समय समर्पित बी0टेक0 इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक– 189 दिनांक 13.01.2026 द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय यथा Manav Bharti University, Solan (H.P.) को भेजे गए पत्र के आलोक में Registrar, Manav Bharti University, Solan (H.P.) ने अपने पत्रांक 99 दिनांक 24.01.2026 द्वारा ई–मेल के माध्यम से सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया है, जिसमें अंकित है कि Registration No./Admission No. R10BTCE0329/MBU-1010-32179 of of B.Tech. (Civil) as stated to be of Mr. Avinash Kumar is not available/appearing in any of the above parameters/record provided by the Document Verification Committee. As such the document submitted/attached with the case, cannot be verified, because the student was never enrolled in this University for B.Tech (Civil). Hence the report is submitted for further necessary action, please.

एतद् संबंधी सत्यापन सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप श्री कुमार से फर्जी/गलत बी0टेक0 इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध निदेशालय पत्रांक– 482 दिनांक 11.02.2026 द्वारा सात दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग किया गया है। ससमय स्पष्टीकरण प्रतिउत्तर अप्राप्त रहने के कारण निदेशालय पत्रांक– 981 दिनांक 19.03.2026 द्वारा श्री कुमार को अपने पक्ष में स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु पुनः स्मारित किया गया है। इसके बावजूद श्री कुमार द्वारा स्पष्टीकरण प्रतिउत्तर समर्पित नहीं किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि वे फर्जी/गलत बी0टेक0 इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। साथ ही उक्त संस्थान के सत्यापन प्रतिवेदन से भी प्रमाणित होता है कि श्री कुमार गलत/फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त किया गया है।

अतः Registrar, Manav Bharti University, Solan (H.P.) से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन तथा बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन (संशोधन) नियमावली, 2022 एवं Term of Assignment के कंडिका–4 (vi) में निहित प्रावधान के आलोक में श्री अविनाश कुमार (Emp. ID-ASO-13989), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, कैमूर का संविदा नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

Suhash 15/04/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (3) संविदा SSASO (फर्जी)– 05/2026 1230 पटना, दिनांक 16/04/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशित किया जाता है कि :–

1. फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजित कर्मी से अब तक भुगतान की गई राशि की वसूली हेतु अपेक्षित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।
2. फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियोजन प्राप्त करने एवं अन्य संगत आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करें।

Suhash 15/04/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2026\Bablu Sir\Order\05-2026-13-04-2026.doc

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (3) संविदा SSASO (फर्जी)– 05/2026/1230 पटना, दिनांक : 16/04/2026

प्रतिलिपि : श्री अविनाश कुमार, (Emp. ID- ASO- 13989) विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, कैमूर (E-mail ID : bestcollege4u@gmail.com) को सूचनार्थ प्रेषित।

15/04/26.

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2026\Bablu Sir\Order\05-2026-13-04-2026.doc

Scanned with OKEN Scanner